# मा० उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल

## निविदा सूचना

दिनांक: 14.12.2016

सर्वसाधारण को एतद्‌द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल उत्तराखण्ड में उपयोग में आने वाले तौलिये (बडे), तौलिये छोटे/हैड टावल, बैड सीट सिंगल व डबल, तकिये के कवर, पर्दे बड़े एवं छोटे, गाड़ियों के सीट कवर एवं कम्बल सिंगल व डबल की धुलाई हेतु मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदा दाता निर्धारित निविदा-प्रपत्र तथा समस्त शर्तें, व्यवस्थाधिकारी कार्यालय अनुभाग से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते हैं एवं समस्त विवरण माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.highcourtofuttarakhand.gov.in पर भी उपलब्ध है।

उक्त आवेदन को निर्धारित प्रारूप में भरकर एक लिफाफे के अन्दर डालकर जिस पर **"धुलाई/ड्राईक्लीनिंग हेतू निविदा"** लिखा होना चाहिए। बन्द निविदाएं **30.12.2016** तक या उससे पूर्व दोपहर २:०० बजे तक महानिबन्धक महोदय के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिएं उक्त दिनांक एवं समय के बाद या विलम्ब से पहुँचने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदाएं उसी दिन दोपहर २:३० बजे अधोहस्ताक्षरी/अधिकृत अधिकारी के समक्ष खोली जाएंगी।

ह०/-
महानिबन्धक
उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल

# नियम व शर्ते

१. इच्छुक आवेदककर्ता को संलग्न **प्रारूप १ एवं २** को भरकर देना होगा एवं नियम व शर्तो के समस्त प्रपत्रों पर हस्ताक्षर व मुहर लगाकर देनी होगी ।

२. निविदादाता को धुलाई/ड्राईक्लीनिंग का अनुभव होना चाहिए।

३. निविदादाता को धुलाई के दौरान इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि सामग्री का रंग ना निकले।

४. निविदादाता को प्राप्त सामान की ढंग से सफाई करनी होगी एवं प्राप्त सामग्री में से दाग-धब्बों को हटाना होगा।

५. यदि धुलाई के पश्चात् प्राप्त सामान में कोई कमी रहती है तो उसका भुगतान नहीं किया जायेगा।

६. सफल निविदादाता का यह भी कर्तव्य होगा कि वह माननीय उच्च न्यायालय के सामान को सुरक्षित रखें एवं प्राप्त हुए सामान को सावधानी पूर्वक धोये एवं प्रेस करें।

७. यदि किसी कारणवश माननीय उच्च न्यायालय के सामान की क्षति होती है तो उसका उत्तरदायित्व सफल निविदादाता को होगा। और उसके स्थान पर नये सामान की पूर्ति आवेदक द्वारा करवायी जायेगी।

८. निविदादाता को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि किसी भी स्थिति में माननीय उच्च न्यायालय के सामान की अदला-बदली ना हों।

९. निविदादाता को धुलाई/ड्राईक्लीनिंग में किसी भी सामान में हानिकारक कैमिकल का उपयोग नहीं करना होगा।

१०. सफल निविदादाता को धुलाई के लिये दी गयी सभी सामग्री हर सप्ताह शुक्रवार के दिन दी जायेगी और सफल आवेदक को दी गयी सभी सामग्री रविवार सांय ५ बजे तक धुलाई व प्रेस करके वापस करनी होगी।

११. बिलों का भुगतान माहवार किया जायेगा।

१२. निविदादाता को यह भी बताना होगा कि वह माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त सामग्री की किस प्रकार धुलाई करेगा।

१३. आवेदन (केवल इस कार्यालय द्वारा जारी प्रपत्र पर ही) निविदा फार्म की शर्तों जिनका उल्लेख इस फार्म में किया जा रहा है, के अनुसार भरी जानी चाहिए तथा निविदा दाता को निविदा में निहित शर्तों की सहमति पर अपने हस्ताक्षर अंकित करने होंगे अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जाएगी।

१४. निविदा प्रपत्र मा० न्यायालय के व्यवस्थाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है अथवा मा० न्यायालय की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र अहस्तान्तरणीय होगा।

१५. निविदा प्रपत्र का मूल्य रु.१००/- है जिसके हेतु इतने ही मूल्य का डिमान्ड ड्राफ्ट (पृथक) जमा करना होगा।

१६. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये उसे निरस्त करने तथा निविदा की तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, नैनीताल का होगा।

१७. माननीय उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड द्वारा स्वीकार की गयी निविदा के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

१८. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी और निविदा कर्ता के बीच यह निविदा प्रपत्र स्वतः एक अनुबन्ध के रूप में परिवर्तित हो जायेगा तथा निविदा दाता इस प्रपत्र में उल्लिखित सभी शर्तों के अनुरूप कार्य करने के लिए बाध्य होगा।

१९. निविदा दाता को निविदा प्रपत्र के साथ रु.२,०००/- की बैंक गारन्टी/एफ.डी.आर./डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि महानिबन्धक, उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल के पक्ष में नैनीताल में देय हो, धरोहर राशि के रुप में जमा करना होगी। किसी भी दशा में धरोहर राशि के बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। जिनकी निविदा स्वीकृत नहीं होंगी उनकी धरोहर राशि, एक माह के भीतर लौटा दी जायेगी। लेकिन निविदा स्वीकृत होने की दशा में उक्त धरोहर राशि (सामान्य परिस्थितियों में) निविदा अवधि के पूर्ण होने पर वापस की जायेगी।

२०. निविदा की शर्तों का उल्लंघन करने पर महानिबन्धक, उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल को यह अधिकार होगा कि वह धरोहर राशि को जब्त करते हुए निविदा अनुबन्ध को निरस्त कर फर्म को काली सूची में अंकित करने हेतु कार्यवाई करे।

२१. दो अथवा ज्यादा निविदा दाताओं द्वारा समान बोली भरे जाने की स्थिति में किसी एक निविदा दाता की निविदा स्वीकृत करने का अधिकार महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, नैनीताल को होगा।

२२. अगर नगरपालिका कोई कर लगाती है तो सफल आवेदक को उसका भुगतान करना होगा। खाद्य अपमिश्रण निवारण अधि० व अन्य किसी वांछित लाईसैंस की व्यवस्था आवंटी को स्वयं करनी होगी तथा उसके लिये मा० उच्च न्यायालय जिम्मेदार नहीं होगा।

२३. यदि सफल आवेदक द्वारा किसी भी शर्त या उच्च न्यायालय द्वारा जारी किसी निर्देश का पालन नहीं किया जाता है तो आवंटी का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा और आवंटी की धरोहर धनराशि जब्त कर ली जाएगी।

२४. कोई भी इच्छुक निविदा दाता उच्च न्यायालय के महानिबन्धक या अन्य किसी निबन्धक से किसी भी प्रकार से सम्पर्क नहीं करेगा।

२५. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी कानूनी विवाद का अधिकार क्षेत्र नैनीताल स्थित सक्षम न्यायालय होगा।

२६. निविदादाता निविदा के साथ निम्न प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे:-

i. निर्धारित धरोहर धनराशि रु.२,०००/- की बैंक गारन्टी/एफ.डी.आर./डिमाण्ड ड्राफ्ट ।
ii. किसी अन्य प्रतिष्ठित संस्थान में कार्य करने का अनुभव ।
iii. धुलाई/ड्राईक्लीनिंग करने हेतु सम्बन्धित सरकारी कार्यालय द्वारा जारी प्रमाण-पत्र ।
iv. निविदा प्रपत्र की फीस हेतु रु.१००/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट (पृथक)।

ह०/-
महानिबन्धक

# प्रारूप १

नवीनतम फोटोग्राफ

हस्ताक्षर :- ......................................................................

निविदा भरने वाले का नाम :- ......................................................................

पिता का नाम :- ......................................................................

पूर्ण पता :- ......................................................................

......................................................................

फर्म की मोहर

दिनांक :- ......................................................................

फोन नं० तथा अन्य विवरण:- ......................................................................

......................................................................

२७. निविदा प्रपत्र में लिखित समस्त शर्ते हमें मान्य हैं।

२८. हमने सभी शर्तें पढ ली हैं तथा मैं निविदा शर्तों का अनुपालन करूँगा/करूँगी।

आवेदक के हस्ताक्षर

:- ......................................................................

# प्रारूप २

| क्र०सं० | सामग्री का विवरण | दर (रू०) |
|---|---|---|
| १. | तौलिया (बड़ा) (धुलाई) | |
| २. | तौलिया (छोटा)/(हैंड टावल) (धुलाई) | |
| ३. | बैड सीट (सिंगल) (धुलाई) | |
| ४. | बैड सीट (डबल) (धुलाई) | |
| ५. | तकिये का कवर (धुलाई) | |
| ६. | पर्दे (छोटे) (ड्राईक्लिनिंग) | |
| ७. | पर्दे (मध्यम) (ड्राईक्लिनिंग) | |
| ८. | पर्दे (छोटे) (धुलाई) | |
| ९. | पर्दे (मध्यम) (धुलाई) | |
| १०. | गाड़ी के सीट कवर (ड्राईक्लिनिंग) | |
| ११. | कम्बल 6x6 (धुलाई) | |
| १२. | कम्बल 4x6 (धुलाई) | |
| १३. | रजाई कवर (धुलाई) | |

आवेदक के हस्ताक्षर

:- ..........................................................................